RAF SECTOR
NEWS CLIP
07/05/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Jalte Deep, Jaipur, (RAJ)

द्रुत कार्य बल ने किया योगाभ्यास

जलतेदीप, कासं, जयपुर। भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत योगा अभियान के तहत योग के प्रति आम जनता में जागरूकता लाने के लिए इस वाहिनी द्वारा विभिन्न एतिहासिक स्थलों / गाँवों में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में शुक्रवार दिनांक 06/05/2022 को 8 वें अंतराष्ट्रीय योगा दिवस के उपलक्ष में 83 वाहिनी, द्रुत कार्य बल, ने प्रवीण कुमार सिंह, कमाण्डेण्ट के निर्देशन एवं श्री हरि नारायण मीणा (उप कमाण्डेन्ट) के नेतृत्व में गाँव सालिग्रामपुरा, तहसील - चाकसू, जिला जयपुर (राजस्थान) में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री हरि नारायण मीणा (उप कमाण्डेन्ट) ने कार्यक्रम में उपस्थित 83 बटा. के अधिकारियों एवं जवानों एवं आमजन का आभार व्यक्त करते हुये योग का मनुष्य के जीवन में महत्त्व एवं फायदों के बारे में बताया और साथ ही योग से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में शंकरलाल बैरवा (सरपंच) ग्राम पंचायत डाहर, श्रीमति रीना कुमारी मीणा (प्रधानाचार्य) रा.उ. मा विद्यालय, सालिग्रामपुरा एवं डी / 83 बटा रेपिड एक्शन फोर्स के निरीक्षक / जीडी रामपाल यादव, निरीक्षक / जीडी फौजीराम मीणा एवं समस्त जवानों के साथ मिलकर डी / 83 समवाय ने गोद लिए गॉव सालिग्रामपुरा, तहसील - चाकसू, जिला जयपुर (राजस्थान) में योगा अभ्यास किया गया। जिसमें गॉव सालिग्रामपुरा के नागरिक, रा 0 उ 0 मा 0 विद्यालय, सालिग्रामपुरा, के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

Dainik Bhaskar, Jaipur, (RAJ)

रेपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन ने शहर में किया परिचित अभ्यास

सम्पूर्ण जिले के थाना क्षेत्रों में बटालियन करेगी 5 मई से 12 मई तक करेगी परिचित अभ्यास

सीकर। जयपुर में तैनात रेपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन के कमाण्डेंट प्रवीण कुमार सिंह एवं कुंवर राष्ट्रदीप पुलिस अधीक्षक जिला सीकर के मार्गदर्शन एवं सरवर खान उप कमाण्डेंट एवं श्रीराम शर्मा सहायक कमाण्डेंट, बीरबल राम मीणा सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व में बी/83 बटालियन की एक प्लाटून 5 मई से 12 मई 2022 तक जिला सीकर के पुलिस थानों का भ्रमण, परिचित अभ्यास करेगी। प्लाटून टीम ने गुरुवार को पुलिस थाना कोतवाली थाना प्रभारी कन्हैया लाल व थाना उद्योग नगर सीकर प्रभारी श्रीनिवास जांगिड़ के निर्देशन में संवेदनशील क्षेत्रों में परिचित अभ्यास किया, साथ ही स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मुख्य बाजारों एवं साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लेग मार्च किया ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर उस स्थान, क्षेत्र में तुरन्त पहुंचकर शीघ्र तथा प्रभावी कार्यवाही की जा सकें। उन्होंने बताया कि पुलिस थाना कोतवाली सीकर व उद्योग नगर सीकर के शान्ति समिति तथा प्रमुख जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर शान्ति एवं भाईचारे से मिलकर रहने तथा अप्रिय घटना होने पर तुरन्त बातचीत के माध्यम से मामला सुलझाने के बारे में समझाया।

सरवर खान उप कमाण्डेंट 83 बटालियन ने बताया कि परिचय अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों तथा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जायेगी। ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई साम्प्रदायिक तनाव एवं दंगा की स्थिति घटित होने या प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण एवं कार्यवाही की जा सकें।

Patrika, Ahmedabad, (GUJ)

आरएएफ ने चलाया सामाजिक जागरूकता अभियान

विद्यार्थियों को पर्यावरण व जल संरक्षण को लेकर किया जागरूक

अहमदाबाद @ पत्रिका. द्रुत कार्य बल (आरएएफ) की 100 वाहिनी की ओर से अहमदाबाद के उन्दरेल गांव में सामाजिक कार्य अभियान के तहत पर्यावरण व जल संरक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

100 वाहिनी द्रुत कार्य बल के कमाण्डेंट गोविन्द प्रसाद उनियाल के मार्गदर्शन में उप कमाण्डेन्ट मुकेश कुमार मीणा व सहायक कमाण्डेन्ट बलराम और डी/100 आरएएफ के कार्मिकों के साथ इस जागरुकता कार्यक्रम में गांव के संरपच गणपत भाई व गुजराती प्राथमिक स्कूल के प्रधानचार्य दीपक भाई के साथ बच्चों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर उप कमाण्डेन्ट मीणा ने पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण के बारे में चर्चा की।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।